# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक-5801 / कु0का0 / 2025 दिनांक– 17 / 03 / 2025

## कार्यालय आदेश

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के सत्र 2025–26 के समस्त पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं बैक परीक्षाओं के स्नातक (द्वितीय/चतुर्थ/षष्टम सेमेस्टर), स्नातकोत्तर (द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर) (बी0एस–सी0 कृषि एम0एस–सी0 कृषि तथा बी0सी0ए0 समस्त सम सेमेस्टर सहित) तथा बी0एड0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा, एल0एल0बी0 द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक, एल0एल0एम0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा, एम0एड0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा, बी0पी0एड0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा, बी0बी0ए0 (NEP Cource) द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा, पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं तथा बी0सी0ए0 (NEP Cource) द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://msdsu-ac.in** अथवा **msdsuonline.in** पर निम्न विवरण के अनुसार भरे जाएंगे। इसके साथ ही द्वितीय/चतुर्थ/षष्टम सेमेस्टर के UFM के छात्र भी बैक पेपर परीक्षा फार्म भरेंगे।

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि | 18.03.2025 |
| 2 | निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 27.03.2025 |
| 3 | महाविद्यालय द्वारा परीक्षा फार्मों का शुद्धीकरण एवं सत्यापन | 01.04.2025 |
| 4 | विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर रोल लिस्ट उपलब्ध कराने की तिथि | 10.04.2025 |
| 5 | विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की तिथि | 10.04.2025 |
| 6 | विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर समस्त पाठ्यक्रम की परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि | 15.04.2025 |

नोट–
01 महाविद्यालय परीक्षा फार्म के शुद्धीकरण/सत्यापन का कार्य फार्म भरे जाने की अवधि में साथ–साथ ही सम्पादित करते रहें।
02 राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के छात्र प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट से स्वयं डाउनलोड कर सकते है तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के छात्र प्रवेश पत्र कॉलेज से प्राप्त करेंगे।
03 परीक्षा कार्यक्रम की सूचना शीघ्र ही अलग से प्रेषित की जाएगी।
04 नोडल केन्द्र एवं परीक्षा केन्द्र तदनुसार सी0सी0टी0वी0 कैमरों की समुचित व्यवस्था सहित परीक्षा की तैयारियां सुनिश्चित कर लें।
05 व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम बाद में जारी किये जायेंगे।

उपरोक्त के क्रम में समस्त सम्बन्धित शासकीय/अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त तिथियों के अनुसार अनिवार्य रूप से निर्धारित शुल्क सहित समस्त परीक्षा फार्म भरवाने की कार्यवाही सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

17.3.25

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को संज्ञानार्थ।
2. प्राचार्य/प्राचार्या/समस्त सम्बन्धित शासकीय/अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. ऑनलाइन एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित है. कि उक्त कार्यालय आदेश को महाविद्यालय के कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें तथा उपरोक्तानुसार आनलाइन परीक्षा फार्म भरवाने एवं ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।
4. प्रभारी परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. विश्वविद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने हेतु।
6. मीडिया प्रभारी को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में व्यापक जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner